कथाकुसुमसौरभम्

॥ श्रीः ॥

द्वारकादास इण्डिक सीरीज़

४

श्रीमदम्बिकादत्तव्यासविरचितकथाकुसुममधिकृत्य

कथाकुसुमसौरभम्

लघुकथाओं द्वारा संस्कृत-शिक्षण

Sanskrit through Short Stories

नित्यानन्दमिश्रः

सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम्

चौखम्भा कलासिका

वाराणसी (भारतवर्ष)

कथाकुसुमसौरभम्
ISBN: TPB: 978-93-91730-06-2; eBook: 978-93-91730-02-4
पृष्ठ: ८ + ३०४

प्रकाशक
चौखम्भा क्लासिका
गोकुलभवन, के. ३७/१०९, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी २२१००१ (भारत)
दूरभाष: +91 542 2332637
चलभाष: +91 97185 94839
वैद्युतपत्र: ichaukhambha@gmail.com

प्रथम संस्करण: विक्रम २०७९ (सन् २०२२)
₹ ४२५/=

अन्य प्राप्ति स्थान
चौखम्भा भारती अकादमी
के. ३७/१०९, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी २२१००१ (भारत)
दूरभाष: +91 542 2330349

चौखम्भा विश्वभारती
गोकुलभवन, के. ३७/१०९, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी २२१००१ (भारत)
दूरभाष: +91 542 2330345

चौखम्भा बुक्स
५, यू.ए. जवाहर नगर (डाकघर के पीछे)
मलकागंज, दिल्ली ११०००७ (भारत)

मुद्रक: श्रीजी प्रिण्टर्ज़, नाटी इमली, वाराणसी

महाराजश्री स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती को

अनुक्रमणिका

प्रस्तावना

संस्कृत भाषा के शिक्षण की दो पद्धतियाँ अत्यन्त प्राचीन काल से प्रचलित रही हैं। पहली में नियमनिर्देश करके तदनन्तर उदाहरण देते हुए निगमन किया जाता है। पाणिनि की अष्टाध्यायी तथा उसकी परम्परा में लिखित महाभाष्य, काशिका, रूपावतार, सिद्धान्तकौमुदी आदि ग्रन्थ इस प्रक्रिया का अनुसरण करते हैं। इस प्रक्रिया में भाषा के प्रायोगिक शिक्षण की अपेक्षा व्याकरण का ज्ञान अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है। भाषाशिक्षण की दूसरी पद्धति दार्ष्टान्तिक पद्धति है, जो व्यावहारिक दृष्टि से अधिक उपादेय है। इसका निहितार्थ यह है कि भाषाज्ञान के लिये दृष्टान्तस्वरूप पाठ्यसामग्री पहले तैयार की जाये और उसका बोध कराया जाये, तो भाषा हमारे वाग्व्यवहार में स्वतः अवतरित होती जाती है। मीमांसा दर्शन में अन्विताभिधानवाद के अन्तर्गत अखण्ड वाक्य से अखण्डार्थबोध को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि वाक्यों से समग्र अर्थ का बोध हो जाने पर पद और पदार्थ का ज्ञान तत्पश्चात् स्वतः होता जाता है। पश्चिम के भाषाशास्त्रियों में नाम चाम्स्की ने भी अपने जेनेरेटिव ग्रामर के सिद्धान्त में इस तथ्य को स्वीकार किया है। यदि इस प्रणाली में एक से अधिक भाषाओं का आश्रय लिया जाये, तो मणिकाञ्चन योग हो जाता है, और इसकी उपादेयता तथा रोचकता भी तदनुसार बढ़ जाती है। शताब्दियों से संस्कृत काव्यों के टीकाकार टीकाग्रन्थों में इस प्रविधि का उपयोग करते रहे हैं। प्राकृत पद्यों को सहज बोधगम्य बनाने के लिये उनकी संस्कृत छाया की जाती है, और वे संस्कृतज्ञ समाज द्वारा आसानी से समझ लिये जाते हैं। आज भी भारतीय विश्वविद्यालयों के संस्कृत विभागों में संस्कृत का अध्यापन अन्य भाषाओं से संस्कृत में तथा संस्कृत से मातृभाषा में अनुवाद करते हुए किया जाता है, जो सर्वथा समीचीन है। पालि और प्राकृत भाषाओं का अध्यापन संस्कृत छाया की पद्धति से इन विभागों में हो रहा है, वह भी सर्वथा उचित है।

दामोदर शर्मा ने पुरानी कौशली (अवधी) के माध्यम से बोलचाल की संस्कृत सिखाने के लिये बारहवीं शताब्दी में *उक्तिव्यक्तिप्रकरण* नामक पुस्तक की रचना की। इस पुस्तक में पण्डित दामोदर ने सम्भाषण-संस्कृत सिखाने के लिये भाषाओं की पारस्परिकता के उपयोग की पद्धति अपनाई है। जिस भाषा को सिखाना है, केवल उसी में सम्भाषण व लेखन का अभ्यास कराते रहने से शिक्षार्थी भाषाओं की पारस्परिकता के द्वारा प्राप्य होने वाले वाग्वैभव से वह वंचित रह जाता है। भाषाएँ एक दूसरे को पोसती हैं। एक भाषा का ज्ञान इतर भाषा के ज्ञान को परिपूर्णता

देता है।

साहित्य के द्वारा भाषा शिक्षण एक सुपरीक्षित स्थापित प्रणाली रही है। गुरुकुल प्रणाली में सहस्रों वर्षों से हमारे देश में इस पद्धति से ही पाठ्यचर्या निर्मित की जाती रही और इस प्रणाली ने बड़े-बड़े पण्डितों को जन्म दिया। अनेक काव्य और कथाग्रन्थ भी भाषा और व्याकरण सिखाने के लिये लिखे जाते रहे हैं। इनमें महाकवि भट्टि का *भट्टिकाव्य* प्रौढ, सरस और उत्तम महाकाव्य भी है और पाणिनि व्याकरण के क्रमश: अध्ययन और बोध के लिये भी उपादेय है। इसी परम्परा में बीसवीं शताब्दी में रामशरण त्रिपाठी ने *कौमुदीकथाकल्लोलिनी* जैसे ग्रन्थ की रचना की।

बहुश्रुत शास्त्रज्ञ तथा संस्कृतशिक्षाविद् श्री नित्यानन्द मिश्र ने अपनी इस पुस्तक में संस्कृत भाषा सिखाने के लिये सहस्राब्दियों से मान्य रही इस प्रविधि का तो सटीक उपयोग किया ही है, भाषा शिक्षण के सभी उपादान अपना कर उन्होंने इस संग्रह को संस्कृत के अध्येताओं के लिये सर्वांगीणतया उपादेय बना दिया है। बहुभाषिकता का रचनात्मक उपयोग मिश्र जी ने इस पुस्तक के निर्माण में किया है। मिश्र जी इस प्रविधि का वर्षों से सफल प्रयोग करते आ रहे हैं। उनके कार्य की दुर्लभ विशेषता यह रही है कि उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी की संस्कृत जगत् की बड़ी विभूतियों के द्वारा संस्कृत शिक्षण के लिये तैयार की गईं पुस्तकों का परीक्षण करते हुए उनके संस्कृत भाषा के अध्यापन में विनियोग पर वे सार्थक विमर्श भी करते रहे हैं।

ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, महालिंग शास्त्री, विनायक पांडुरंग बोक्कील, रामकृष्ण गोपाल भंडारकर आदि पण्डितों ने संस्कृत भाषा सिखाने के लिये जिन पाठमालाओं की रचना की, उनमें से बहुसंख्य अब लुप्त हो गईं हैं। नित्यानन्द मिश्र ने संस्कृत साहित्य के भाण्डागार की विस्मृत और उपेक्षित निधियों में से एक का इस दृष्टि से पुनराविष्कार किया है, जिसके लिये वे अभिनन्दनीय हैं। कालजयी रचनाकार पण्डित अम्बिकादत्त व्यास की *कथाकुसुमम्* संवत् १९४४ में रची गई तथा इसी वर्ष खड्गविलास प्रेस बाँकीपुर से प्रकाशित हुई। अपने रचनाकाल तथा प्रकाशनवर्ष के १३५ वर्ष बाद भी यह कृति संस्कृत भाषा के शिक्षण के लिये कितनी उपादेय है, यह मिश्र जी के प्रस्तुत प्रयास से सिद्ध है।

पण्डित अम्बिकादत्त व्यास उन्नीसवीं शताब्दी के संस्कृत और हिंदी के एक मूर्धन्य कवि और गद्यकार हैं। इनका जन्म जयपुर के निकट धूलिया नामक ग्राम में एक सनातनमतावलंबी ब्राह्मण परिवार में संवत् १९१५ हुआ। इन्होने बनारस कालेज के एंग्लो संस्कृत विभाग में भी अध्ययन किया तथा पारंपरिक रीति से शास्त्राध्ययन भी किया। इनके कथाप्रवचनों से प्रभावित हो कर स्वामी विशुद्धानन्द ने इन्हें व्यास की पदवी दी। बचपन से ही ये हिंदी में आशुकाव्य रचना करते थे। बारह वर्ष की आयु में ये संस्कृत में श्लोक रचना करने लग गये थे। इन्होंने हिन्दी में ६४ तथा संस्कृत में २७ पुस्तकों की रचना की। इनमें *शिवराजविजय:* संस्कृत उपन्यास और *सामवतम्* नाटक तो संस्कृत की कालजयी रचनाओं में गणनीय हैं। इनके अतिरिक्त

संस्कृत में पण्डित व्यास जी ने अनेक ऐसी पुस्तकों का प्रणयन किया, जो या तो संस्कृत भाषा के शिक्षण अथवा संस्कृत में साहित्यरचना करने वाले नवशिक्षितों के लिये बहुत उपादेय हैं। उनकी ऐसी रचनाओं में *दु:खद्रुमकुठार:* (निबंधसंग्रह), *कथाकुसुमम्,*, *गद्यकाव्यमीमांसा, गुप्ताशुद्धिप्रदर्शनम्, पातञ्जलप्रतिबिम्ब:, प्राकृतविचित्रशब्दार्थकोष:, बालव्याकरणम्, मित्रालाप:, संस्कृताभ्यासपुस्तकम्, शिवराजविजयसंस्कृताभ्यासपुस्तकम्* तथा *पुष्पहार:* आदि उल्लेखनीय हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ के द्वारा संस्कृतशिक्षणप्रणाली की एक परिपूर्ण रीति मिश्र जी ने अपनाई है, जो नवसुगन्ध (नौ प्रकार की टीकारूपी या अनुवादरूपी सुगन्धों, श्लेष से अन्य अर्थ नवीन सुगन्ध) से सम्पृक्त है। इन नौ प्रकारों के लिये प्रयुक्त शब्दावली में सौरभ के लिये अलग अलग नौ शब्दों में व्याख्या के भी नौ पृथक्-पृथक् शैलियों का निर्माण इस योजना में हो सका है। *आमोद* में *आ* उपसर्ग सर्वगामी प्रसार को द्योतित करता है। *आमोद:* के अन्तर्गत प्रत्येक कथा का हिन्दी में शाब्दिक अनुवाद दे कर उसकी सहज व्याप्ति सम्भव बनाई गई है। *सुवास* ऐसी सुगन्ध है जो हमारी प्रीतिकर होती है कि रम जाती है। *सुवास:* के अन्तर्गत हिन्दी गद्यानुवाद में उस कथा का सुवास बसा है। *समाकर्षी* में अंग्रेज़ी अनुवाद के द्वारा इन कथाओं के सौरभ के वैश्विक प्रसार की सम्भावना निर्मित कर दी गई है। *निर्हारी* इस सम्भावना की पुनर्व्याप्ति चरितार्थ करता है। *परिमल* शब्द तो मनोहारी सुगन्ध के लिये बहुश: प्रयुक्त होता ही है। *परिमल:* में प्रत्येक पाठ की संस्कृत टीका दे कर शिक्षार्थी के संस्कृतज्ञान का संस्कार किया गया है। *घ्राणतर्पण:* के अन्तर्गत रमणीय पद्यों में विविध छन्दों में पूरी कथा को गूँथ कर उसके साथ छन्द:शास्त्र का ज्ञान भी करा दिया गया है। *गन्धसार:* में अन्य भाषाओं के काव्यों, लोकभाषा के रोचक मुहावरों और आभाणकों को प्रकृत कथा की सम्पुष्टि में उद्धृत किया गया है। प्रश्नोत्तरों के माध्यम से पाठ का अभ्यास करा उसके संस्कार को दृढ करने के लिये *घ्राणपरीक्षा* कहा गया है। मिश्र जी ने अलग-अलग स्तर के शिक्षार्थियों के लिये इन नवविधसुगन्धों में किसका कैसे उपभोग करना है यह भी निर्देशित किया है।

भाषाशिक्षण की आधुनिक प्रणालियों में युरोकेन्द्रित विमर्श तथा औपनिवेशिक मानसिकता का अन्तर्निहित प्रभाव है, ये परम्परा तथा कालजयी साहित्य की उपेक्षा कर के आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों का सहारा लेती हैं, पर ये पद्धतियाँ परम्पराबाह्य हैं और इस देश की धरती से सहज जुड़ाव स्थापित नहीं कर पा रही हैं। वे कृत्रिमता और यान्त्रिकता से बोझिल हो जाती हैं। वे भाषा के सहज प्रवाह की उपेक्षा कर के वे एक कृत्रिम भाषा का उत्पादन करती हैं फिर उसकी शिक्षा प्रदान करती हैं। इस शिक्षाप्रणाली से निकले हुए लोग एक कृत्रिम भाषा का प्रयोग करते हुए वैदेशिक दास प्रतीत होते हैं।

प्राय: इस प्रकार की पुस्तकों की सामग्री तथा नियोजन में रूढिबद्धता और जडता आ जाती है, उपदेशपरायणता के आग्रह के कारण सामग्री अनाकर्षक और नीरस हो जाया करती है। सुकवि

अम्बिकादत्त व्यास की मूल कथाएँ इन दोषों से मुक्त हैं, साथ ही नित्यानन्द जी ने नवविध सौरभ से समन्वित कर के उन्हें और सन्तर्पक बना दिया है। कथाएँ आकार में अत्यन्त लघु हैं, पर वे अपनी ध्वन्यात्मकता तथा सांकेतिकता के कारण गुणात्मक प्रभाव की लहरें रचती हैं। बालकों और प्रशिक्षुओं के मानसिक क्षितिज का इससे निश्चय ही विस्तार होगा। प्रौढ़ शिशिक्षु भी इनमें उतना ही रस ले कर संस्कृत सीख सकेंगे। उदाहरण के लिये तीसरी कथा *ग्राम्यभल्लूकौ* में भालू के चंगुल में जकड़े ग्रामीण और उसके मित्र के संवादों से पूरी कथा को जो परिप्रेक्ष्य व्यास जी ने दिया है वह उनकी कथारचनानैपुणी और वैदग्धी का प्रमाण है। रोचक संवादों के द्वारा कथाकार ने ग्रामीण की मूर्खता पर तो चुटकी ली ही है, कथा की व्याख्या की सम्भावनाएँ भी खोल दी हैं। अपने अविवेक के द्वारा किसी प्रपंच में संसक्त व्यक्ति उस प्रपंच से निकलना चाहता है, तो प्रपंच उसे अपनी गिरफ़्त से जाने नहीं देता। संसार का मायाप्रपंच भी ऐसा ही है। एक रोचक चुटकुले जैसी प्रतीत होने वाली यह कहानी अपनी ध्वन्यात्मकता में गहरे सांकेतिक अभिप्राय गुम्फित कर लेती है। इसी तरह *वृकमयूरौ* यह कथा एक आतंककारी के द्वारा सामान्य जनों के शोषण और प्रतारणा की कथा भी बन जाती है।

संस्कृत के पण्डित लोकजीवन और लोकभाषाओं में रमे रहते थे। पण्डित अम्बिकादत्त व्यास तो व्रजभाषा में अत्यन्त सरस रचनाएँ करते थे। उनके *कथाकुसुमम्* में लोकजीवन और लोकभाषाओं का सुवास भी सम्पृक्त है। संस्कृत का भारतीय भाषाओं से संवाद भी यहाँ झलकता है। नवनवतिचक्रम् बड़ी रोचक कथा है। हिन्दी आदि भाषाओं में इसी अर्थ में निन्यानबे के फेर में पड़ना यह मुहावरा बहुत प्रचलित है। पर इसके पीछे जो बड़ी रोचक कथा है, वह तो *कथाकुसुमम्* से ही विदित होती है।

भारतीय कथा परम्परा कितनी महननीय है यह भी इन कथाओं से बोध होता है। अम्बिकादत्त व्यास जी की प्रतिभा का सौरभ उनमें ऐसा समाया हुआ है, जो दिगन्त तक प्रसारित होता है। किम्बहुना—

नित्यानन्दकरः सोऽयं नित्यानन्दकृतः श्रमः।
बालानां सुखबोधाय मनोमोदाय जायताम्॥

प्रो॰ राधावल्लभ त्रिपाठी
भूतपूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली
भूतपूर्व संस्कृत प्राध्यापक, डॉ॰ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
भोपाल, ९ जुलाई २०२२

Foreword

It gives me great pleasure to write this Foreword to Shri Nityananda Misra's *Kathā-kusuma-saurabham*. For a long time, Shri Misra has been engaged in the promotion of Sanskrit education in India. A disciple of Swami Ramabhadracharya, Shri Misra has dedicated his efforts to promoting Sanskrit in many different ways. His publications are generally oriented towards making various aspects of Sanskrit accessible to a wider audience in India. I have fondly admired his Sunāma, Mahāvīrī, OM-Mālā and Vyāsa-Kathā. These books are expanding the reach of Sanskrit-based knowledge to a wider audience in India and a book like Sunāma is of immediate practical use for the parents deciding to name their newborn children.

In his new publication *Kathā-kusuma-saurabham*, Shri Misra is providing relatively easy, but authentic, Sanskrit reading materials for students of Sanskrit who have acquired some basic grammar and vocabulary and are now entering into reading Sanskrit texts. This stage of learning is very important. After gaining some elementary knowledge of Sanskrit grammar and vocabulary, students find it rather difficult to go directly into the classical Sanskrit *mahākāvyas* or dramas like *Śākuntalam*. There is a very steep learning curve in this transition.

To help students ready to begin reading Sanskrit, but reading texts that are relatively easy and yet authentic, Shri Nityananda has chosen to introduce 25 Sanskrit stories written by the famous Sanskrit author Ambikadatta Vyasa (1858–1900 A.D.). Originally it was published in 1887, and these stories were specifically intended for students of the 4th and higher standards. These were Ambikadatta Vyasa's renderings of older stories, rewritten to fit the level of beginning students. In 1889, a second edition was published that included aids

like vocabulary, notes, and versified versions of the stories in many different meters composed by Pt. Mahesh Jha.

Ambikadatta Vyasa is well-known for his Sanskrit prose Kāvya titled *Śivarājavijayam* on the life and accomplishments of the famous Maratha king Shivaji. This work, composed in perfect classical Sanskrit, is a prescribed reading in many universities in India. The same author has produced these 25 stories in Sanskrit for beginning Sanskrit, where he has used a somewhat easier and yet authentic Sanskrit style, providing an ideal stepping stone for Sanskrit students. I congratulate Shri Misra for selecting this work of Ambikadatta Vyasa for the same educational purpose.

Shri Misra's work is not a mere reprint of the 1887 edition of these stories. Here, he has provided annotated Hindi and English renderings of these stories and a commentary in Sanskrit. It incorporates Pt. Mahesh Jha's versified renderings, and for many stories, Shri Misra has composed his own renderings. The book is useful for students at various levels. The very beginning students will find the Hindi and English translations and notes useful in understanding the Sanskrit texts of the stories, while students at a higher level will find the Sanskrit commentary and the versified Sanskrit renderings useful in gaining a deeper understanding. Each original story is first presented in Sanskrit (*Kusumam*). This is followed by a word-by-word explanation in Hindi (*Āmoda*) and a Hindi translation (*Suvāsa*) and a Hindi summation of the story using a Hindi proverb. Then comes a word-by-word explanation in English (*Samākarṣī*), an English translation (*Nirhārī*), and an English summation of the story using an English proverb (*Mahakka*). This is followed by a Sanskrit commentary (*Parimala*). Then comes a Sanskrit verse summation (*Adhivāsa*), a versified Sanskrit version of the story (*Ghrāṇatarpaṇa*), and finally a full grammatical explanation of the words used in the story (*Gandhasaṃskāra*) and a few study questions for the students (*Ghrāṇaparīkṣā*). The stories are also illustrated with pictures.

Looking at all these aids provided for each story, I must say that I do not know of any other book of elementary Sanskrit readings that can

stand comparison with Shri Misra’s book. I wholeheartedly congratulate Shri Nityanand Misra for preparing this book, Chaukhambha Classica for undertaking its publication, and I recommend it to all students of Sanskrit.

Madhav M Deshpande
Professor Emeritus
Sanskrit & Linguistics
University of Michigan
Ann Arbor, Michigan, USA
12 July 2022

नान्दीवाक्

देववाङ्निष्कुटाक्रान्तं कथाकुसमसौरभम्॥

संस्कृतवाचा सह वर्तते भारतीयचेतनायाः कश्चिद् गर्भनालसम्बन्धः। भारतीयाः परस्परं येन वाक्प्रचारेण परस्परं प्रत्यभिजानन्ति तदस्ति संस्कृतम्। तत्र कारणमिदं यद् भारतीया संस्कृतिः अनयैव वाचा परिघटिता समर्धिता चास्ति। संस्कृतभाषा न केवलं स्वस्वरूपेण शताब्दीर्यावत्, अपितु स्वसन्ततिभूतभाषाणां माध्यमेन सहस्राब्दीर्यावत् भारतीयसंवेदनायाः, तन्मनीषायाश्च परिपोषणं कृतवती। भाषितभाषारूपेण संस्कृतम् सापेक्षतया अल्पीयांसं कालं, क्षोदीयश्च क्षेत्रम् अधिकृतवत्, परन्तु भारतस्य योजकभाषारूपेण पराभाषारूपेण च इदं भूयांसं कालं बंहीयः क्षेत्रं च व्याप्तवत् अधुनापि च निरन्तरं व्याप्नोति। अर्वाचीनकाले संस्कृतवाचः पुरतः स्वाभाविकैः आह्वानैः सहकृतानि नैकान्यन्यान्यपि आह्वानानि पाश्चात्त्यमतानुवर्तिनां संस्कृतिद्रुहां विविधदुष्प्रचारैरपि दृश्यन्ते। यत्र, 'संस्कृतस्य मृत्युः', 'तस्य अनुपयोगिता', 'तद्गता अनुत्पादकता', 'लोकविरोधिता', 'पश्चाद्गामिता' इत्येता नवशिक्षितेषु पाश्चात्त्यसंस्कृतेश्चाकचक्येन चकितचकितेषु प्रसभं सञ्चार्यन्ते। दौर्भाग्येण एतादृशदुष्प्रचारवशात् नैराश्यभावः केषुचिज्जागर्ति संस्कृतं प्रति।

तत्रास्माकमिदं प्रेक्षणं यत् प्रतियुगं नवीनसमस्यानुगुणम् अभिनवसमाधानानि अपि संस्कृतपक्षे समुद्भवन्ति एव। एतर्हि अपि संस्कृतस्य पक्षे नूतनानि शुभशकुनानि दृश्यन्ते। नवीनेऽस्मिन् युगे समस्यानामेतासां प्रतीकारप्रकारः प्रायः गतेषु दशकेषु समापन्नायाः संचारक्रान्तेः कारणात् सम्पद्यमान इव लक्ष्यते। संस्कृतवाङ्मयस्य अध्येतारः, विद्वांसः, नवीनसाहित्यसर्जनसक्षणाः अद्यापि भारतस्य प्रतिकोणं विद्यन्ते। पूर्वं यथा ते पारस्परिकप्रत्यभिज्ञानहीना विप्रकीर्णा दूयन्ते स्म नाद्यत्वे तथा। संचारक्रान्त्या तेषु मिथः सम्पर्कः प्रगाढीकृतः। अनया परिघटनया संस्कृतस्य विप्रकृष्टानि असंहतानि स्फुलिङ्गानि अपूर्वया कयाचिदूर्जया ज्वालीभवन्ति इव परिलक्ष्यन्ते। परिज्ञातमिदं भवति यत् संस्कृते यदपि नैराश्यमदृश्यत तत् खलु संस्कृतपरिदृश्यस्य अखण्डतया दर्शनाभावादेव आसीत्। अधुना पुनर्, वयम् अवगन्तुं पारयामो यत् संस्कृतस्य सनातनी परम्परा न केवलं पूर्णतया अक्षुण्णा तिष्ठति, अपितु भूयसीभिर्नवीनया युगानुगुणया प्रयोगसम्पत्त्या प्रतिवासरम् आढ्यीक्रियमाणापि अस्ति। साम्प्रतं वयं सुज्ञातुं प्रभवामो यत् एतर्हि संस्कृतस्य प्रातिनिध्यं न केवलं पारम्परिकाः पण्डिता वहन्ति, अपितु संस्कृतेतरविषयेभ्य आजीविकां लब्धवन्तः अगणिता जनाः संस्कृतगतां वैयक्तिकीं रुचिमनुरुध्य एतस्मिन्नुत्कृष्टां योग्यतां सम्पादयन्तो गीर्वाणवाण्याः स्वरं दशसु

दिक्षु सन्धुक्षयन्ति। एते संस्कृतमनुपजीवन्तोऽपि संस्कृतमुपजीवयन्ति। एष वर्तते संस्कृतस्य तरुणः तरुणतरश्च वंश्यः यद्वशात् संस्कृतस्य युगीना क्रान्तिर्विलसति।

संस्कृतमधिकृत्य नैराश्यं प्रसारयन्तो वहन्तो वा जनाः समाजे नैकविधा लक्ष्यन्ते। प्रथमं तावत् ते ये संस्कृतम् अज्ञात्वैव ईर्ष्याकषायितास्तत्प्रतीपतया घटन्ते। वस्तुतः भारतं वैविध्यपूर्णम्। अत्र जनानां भेदकानि तत्त्वानि सुबहूनि, योजकानि च तत्त्वानि अल्पीयांसि। तत्र आस्माकीना संस्कृतिः, आस्माकी राष्ट्रियता इत्यादीनि कानिचन सूत्राणि सन्ति यानि अस्मासु एकत्वस्य भानं निरन्तरं कारयन्ति। संस्कृतमपि भारतस्य एकीकरणौपयिकेषु सूत्रेषु अन्यतमम्। अतः संस्कृतद्वेषो भारतद्वेषस्य प्रायः पर्यायभूतः वर्तते। परन्तु न सर्वे संस्कृतद्रुहो भारतद्रुहः। केचन मूर्खतावशादपि एतदाचरन्तो दृश्यन्ते। संस्कृतं प्रति नैराश्यं भजमाना अन्ये जनास्ते ये विदेशे स्वदेशे वा स्थित्वा औपनिवेशिकप्रभुभिः संप्रसारितेन इन्द्रजालेन ग्रसितचेतसो विद्यन्ते स्वयं वा औपनिवेशिक-मनोवृत्तिमन्तो भवन्ति। एते भारतीयचैतन्यस्य पुनरुत्थानस्य सम्भावनामपि निराकुर्वन्ति । नवीन-भारते ते संस्कृतस्य समुन्मीलनेन यत् प्रव्यथितास्तत्र कारणमिदं यद् एषा परिघटना तेषां कृत्रिमां श्रेष्ठतां विरुणद्धि, तां प्रसभं खण्डयति च। तृतीयप्रकारका जनास् स्वयं संस्कृतस्य पुरातनाः वंश्याः सन्ति। तेषां नैराश्यं सहानुभूतिजनितम् अतः सकारात्मकमस्ति। तैः विद्यावयोवृद्धैः तत् सांस्कृतं वैभवं दृष्टं यदा प्रायः प्रतिग्रामं संस्कृतपाठशाला अवर्तन्त। विश्वत्र संस्कृतस्य महान्तः पण्डिता दृश्यन्ते स्म। संस्कृतं दिव्यवस्तुवत् सर्वत्र सम्मान्यमासीत्। आङ्ग्लाधिपत्यस्य षड्यन्त्रैः विशीर्यन्ती सहस्राब्दप्राचीना संस्कृतशिक्षाव्यवस्था स्वतन्त्रतानन्तरम् आगतस्य प्रशासनस्य दुर्नयानां कारणात् तेषामक्ष्णोरेव प्रायः ध्वंसं प्राप्तवती। एतत् सर्वं पश्यतां तेषां दुःखं नैराश्यं च नितरां स्वाभाविके एव। नैराश्यस्य वाहकानां प्रथमद्वितीयप्रकारकाणां (ये ईर्ष्यालवः षड्यन्त्रकारिणश्च भवन्ति) समुपचारः क्रमशो भवति—उपेक्षा प्रबलतर्कैश्च तेषां खण्डनम्। तृतीयप्रकारका अपि जना उपर्युक्तप्रकारकसंस्कृतक्रान्त्या अधुनावगन्तुं कल्पन्ते यत् अर्वाचीनेऽस्मिन् काले संस्कृताध्ययनस्य लोकतान्त्रिकीकरणं, सार्वजनिकीकरणं च भवतः। एतर्हि संस्कृतं न केवलम् अद्भुतं पारलौकिकं वा वस्तु, अपितु नितान्तं सुलभतया सर्वेषां पुरतः समुपतिष्ठन्ती काचित् सम्पत्तिः। किञ्च, संस्कृतस्य प्राक्तनी शिक्षाप्रणाली प्रायेण प्राचीनां पृथग्विधाम् च आर्थिकीं व्यवस्थामुपजीवति स्म। वृत्तायां प्राचीनायाम् अर्थव्यवस्थायां संस्कृतशिक्षणस्य तादृशी प्रणाली यदि मन्दतामिता तर्हि न वर्ततेऽत्र आश्चर्यभूयस्त्वम्। परन्तु शिक्षणप्रकारस्य तनूभवनस्य तात्पर्यम् विद्याया समाप्तिर्नास्ति। भारतीय-ज्ञानपरम्परा तस्या वाहिका संस्कृतभाषा तु भारतीयानां चेतनायाः पर्यायभूतास्ति। यदापि भारतीया आत्मनः प्रति सचेतस्का भवन्ति तदा नूनमेव संस्कृतं परामृशन्ति, फलतः तस्य विकासोऽपि अवश्यं भवत्येव। यदि पुरातनीभी रीतिभिर्न भवति तदा एतदर्थं नवा मार्गा समुपकल्प्यन्ते। प्रकृते युगे संचारक्रान्तिवशात् एवंविधा बहवः पन्थानः समुद्घाटिताः येन बहवः संस्कृतेतरजना अपि अनेन आत्मनो योजयितुं समर्था भवन्ति। किं बहुना, संस्कृतस्य पारम्परिकी शिक्षापद्धतिरपि अनेन नवीनेन

उद्विकासेन परिपोषिता भवति।

संस्कृतस्यैष युवा युवतरश्च वंश्य: अनेकधा प्राक्तनवंश्यात् समर्थतरो भवति। सत्यमिदं यत् प्राक्तनेषु कालेषु याऽस्माकं महनीया पण्डितपरम्परा सा गभीरज्ञानकारणात् निष्प्रतियोगिनी अस्ति तथापि अद्यतनस्य नवीनवंश्यस्य ज्ञानप्रकार: बहुश: सविस्तरतर: उपयोगयोग्यतरश्चास्ति। नवीनानां प्रविधीनां प्रयोगवशात् ते दक्षतरा: वर्तमानजनताभिश्च प्राप्यतरा: सन्ति। सामाजिक-माध्यमैश्च एते अतिमात्रं सन्निकृष्टा अपि सन्ति। भूयस्सु एतादृशेषु नवपण्डितेषु अर्हति अस्मन्मित्रं **नित्यानन्दमिश्र:** अग्रपङ्क्तिम्। न केवलमेतस्मिन् विराजते प्रखरं पाण्डित्यम् अपितु तस्य पाण्डित्यस्य जनोपयोगयोग्यं प्रचुरप्रचारसामर्थ्यमपि। कालिदासोक्तसुशिक्षकवदेतस्मिन् अधिकरणे न केवलं *आत्मसंस्था श्लिष्टा क्रिया* अपितु वर्तते *विशेषयुक्ता संक्रान्ति*रपि। आधुनिकज्ञान-प्रणालीसु नितरामधीती अयम् विद्वान् विविधसामाजिकमाध्यमानि संस्कृतकार्यार्थम् उपयुज्य क्रियावान् सन् यावता भूयसीं जनताम् उपकुरुते तावता प्रायो न कश्चिदपि कुर्वन् दृश्यते। संस्कृतं पुङ्खानुपुङ्खं ज्ञात्वैव नास्य धीमत: सन्तोष: अपितु एतस्य ज्ञानस्योपयोगोऽनेन संस्कृति-संवर्धानाय, धर्मध्वजोत्तोलनाय, विज्ञानवैशद्याय, भ्रान्तिभ्रंशाय च प्रभावशालितया कृत:, क्रियते च अविच्छेदेन। *सुनाम*-नाम्न: पुस्तकस्य रचनमेनेन ममैतद् वचनम् उपोद्बलयति यन्माध्यमेन समाजे विश्वत्र प्रसरन्ती दुर्नामकरणस्य सद्यस्का अपसंस्कृति: न केवलं निवार्यते अपितु तां समीकर्तुं सुन्दराणि नामानि अपि पुरस्क्रियन्ते। वचने रचने च सर्वत्र मिश्रवर्यस्य संस्कृतप्राकृतयो: य: प्रयोगाग्रह: स नूनमेव निजभाषारक्षणानुरोधित्वात् नितरां सत्कारार्ह:। अनेन अनेकान्यन्यानि पुस्तकानि जनमनोहारीणि अपरयापि वाचा रचितानि, अथ च स्वयमपि **निरामया**भिधं प्रकाशन-संस्थानं समुद्घाट्य महत्त्वाधायीनि पुस्तकानि प्रकाशमानीतानि।

एतस्यैवेषा नूत्ना प्रकाश्या कृति: **कथाकुसुमसौरभम्** अस्माभि: स्वागतवचोभि: पुरस्क्रियते। नैकधा स्तुतिमर्हति एषा कृति:। यथा, पण्डितप्रवरस्य श्रीमदम्बिकादत्तव्यासस्य पुस्तकोप-बृंहणरूपा सती एषा गोत्रसंवर्धकत्वे पारम्परिकत्वेन च स्तूयते, विविधव्याख्याभि: संवलिता सती परिपूर्णाङ्गत्वाद् वन्द्यते, त्रिभाषाभूषिता सती भूयसां जनानां समुपकारकत्वेन पनाय्यते। वयं तु एतां कृतिम् अस्मत्पूर्वपुरुषै: नैकसहस्राब्दानुवर्तिनां संस्कृतशिक्षणप्रविधिमार्गणप्रयासानाम् मध्ये नूतनतमां भावयित्वा स्वागतवचांसि व्याहराम:। कीदृशोऽयं चिरन्तनप्रयासो भारतीयानां संस्कृतसुरक्षार्थमति किञ्चिदेवाग्रे पश्याम:।

यथा उपक्रम एव उक्तं, भारतस्य बृहत्तरभारतस्य वा आत्मपरिज्ञानाय संस्कृतमतीव नान्तरीयकं। एतस्मादेव कारणात् लोकभाषारूपेण असदपि संस्कृतं भारते सर्वदा वर्तते, भारतीयैश्च सर्वथा सुरक्ष्यते। एतस्य हानि: समस्तस्यापि संस्कृत्याधारस्य हानिरिति निश्चप्रचं सहस्राब्देभ्योऽ-स्माकं पूर्वपुरुषै: सुज्ञातम्। अत एव तै: संस्कृतस्य यथाकथंचिदपि सुरक्षार्थं निरन्तरं प्रयतितम्। एतदेव कारणं यत् संस्कृतशिक्षणार्थं विविधप्रविधीनाम् अन्वेषणं पाणिनेरनन्तरमपि संस्कृत-

व्याकरणमाध्यमेन, प्राकृतभाषिकबालावबोधानाम् माध्यमेन निरन्तरं प्रावर्तत एव। एषा प्रवृत्तिस्तथा प्रगाढाऽस्ति यथा भारतस्य सार्धद्विसहस्रवर्षाणां बौद्धिकम् ऐतिह्यम् प्रकारान्तरेण "संस्कृतस्य शिक्षणार्थम् अन्विष्यमाणानां प्रविधीनाम् ऐतिह्यम्" इति कृत्वाऽपि द्रष्टुं शक्यते।

भारते संस्कृतस्य विविधक्षेत्रीयाणां प्राकृतभाषाणां च परम्परा मिथः सहकारेण विकासं विस्तारं चालभत। लोकभाषारूपाद् विचलितायां, प्राचीनतां च गतायां संस्कृतवाचि नवनवतया समुदितानां विकासमीयुषीणां च क्षेत्रीयभाषाणाम् अधिभारः सदैवानुभूयत एव स्म। यथाह भगवान् भाष्यकारः *भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः* इति। एतस्मात् कारणात् प्रतियुगं संस्कृतस्य शिक्षणं प्रति प्रतिनवानि आह्वानानि प्रदर्शयति। अत एव खलु सत्यपि सर्वाङ्गपूर्णे पाणिनीयतन्त्रे, सरलतरं भोजराजीयं हैमं वा पदशास्त्रं समुदेति, संक्षिप्ततरं कातन्त्रं सारस्वतं वा समुदेति। सत्स्वपि च तेषु पूर्वेषु सर्वेषु लोकभाषाभिः बालावबोधा विरच्यन्ते, सम्भाषणप्रयोगौपयिका ग्रन्था वा ग्रथ्यन्ते। परिवर्तमानयुगानुगुणं परिवर्तमानजनमनोवृत्तीरभिलक्ष्य अभिषेणयताम् आह्वानानाम् प्रतिवचनं प्रदातुं विद्वांसः सदैव सज्जा अतिष्ठन्। अतीवोचितमिदं *श्रुतं मे गोपाय* इति श्रुतिवाक्यान्यनुसरताम् अस्माकं पूर्वपुरुषाणां विपश्चिताम्।

अत्र इदं ध्यातव्यमस्माभिः सर्वैरपि—साम्प्रतिके काले संस्कृतसुरक्षार्थं यानि आह्वानानि सन्ति तानि पूर्वभ्यो युगेभ्यः कठोरतराणि जायामानानि सन्तीति निश्चप्रचम्। तत्र भवन्ति भूयांसि कारणानि। तत्रापि भवत्ययं विशेषः—देशोऽयमस्माकं जगतः नैकदेशा इव उपनिवेशकालस्य अन्धकारमयीं काराम् उत्तीर्य समागतो कश्चन नवीनो राष्ट्रः, यः औपनिवेशिकताया अनन्तरभाविन्या युरोपीय-करणस्य प्रक्रियया धृतराष्ट्रशक्त्या भीम इव निर्दयं, प्रगाढं, निष्ठुरं च परिष्वक्त आस्ते। एषा प्रक्रिया देशजभाषासु संस्कृतिषु च साक्षाद् आक्रामति। ताः प्रति उपनिविष्टजनताया मनस्सु काञ्चिद् हीनभावनां प्रपूरयति। संस्कृतं यतः भारतदेशजानां सर्वासां संस्कृतीनां सुरक्षिका तत्तद्देशज-भाषाणां च स्वास्थ्याय प्रतिभूतिः, अत एव सैव पाश्चात्त्यशरारूणां प्रधानशरव्यभूता दृश्यते। तां प्रति औपनिवेशिकप्रभुभिरुपदिष्टा भारते सर्वतः प्रसृता हीनभावना तस्याः शिक्षणं कठिनीकरोति। अग्रे इदमेकमुदाहरणम्—अद्यत्वे भारतीयभाषासु अवाञ्छिततया परिवर्धमानानाम् आङ्ग्लशब्दानां कारणवशात् गृहेषु बालाः तत्समतद्भवादिशब्दार्थाभ्यां मातुः स्तनाभ्याम् इव एकपदे दूरीक्रियन्ते। ततः किम् भवति? संस्कृताध्यापनकाले तेषां तेषां तत्समशब्दानां शिक्षणमपि नवीनकर्तव्यतया आपतति अस्मत्पुरतः, ये पूर्वं हिन्द्यादिलोकभाषासु स्थिरपदतया, प्रचुरप्रचारतया च सहजं सुलभा अवर्तन्त। इदं केवलमेकमुदाहरणं भूयसां मध्यात्। अत एव एतस्मिन् काले पूर्वतोऽप्यधिकं जागरूकतया विविच्यास्माभिः संस्कृतशिक्षणप्रविधयः अन्वेष्टव्याः, प्रयोक्तव्याः, प्रसारयितव्याः, येन संस्कृतविद्या सुरक्षिता वीर्यवती च स्यात्।

मिश्रवर्यस्यैष यत्नः पूर्वोक्ताया एव चिरन्तन्याः संस्कृतसुरक्षणप्रवृत्तेर्युगानुकूलमनुसरणम्, अतो नितान्तमेव स्वागतमर्हति। किञ्च, एतत्कृतिगत-**परिमल**-माध्यमेन नित्यानन्दो मिश्रः संस्कृत-

व्याख्यानपरम्परायां नवीनं कञ्चिद् योगं कुर्वन्निव भाति। वयमाशास्महे यत् भविष्यति अनेन इतरेऽपि ग्रन्था व्याख्यास्यन्त संस्कृतपाण्डित्यपरम्परा च समर्धयिष्यत इति। कतीनांचन सुन्दर-पद्यानां करणेन कवित्वमप्यस्य स्फुटीभवति, विद्वत्त्वकवित्वयोः सुवर्णसौरभसंयोगो येनास्मिन् लक्ष्यते। **गन्धसार-महक्क-अधिवास**वर्गाः पुनः विविधवाङ्मयैः सहास्य परिचयं पिशुनयन्तः एतस्य रासिक्याधिक्यं ख्यापयन्ति। यथा *कथाच्छलेन बालानां नीतिस्तदिह कथ्यते* इति प्रतिज्ञामादाय हितोपदेशः प्रवृत्तः प्रथितश्च च तथैव कथामिषेण सर्वेषां संस्कृतज्ञानदायकत्वेन **कथाकुसुमसौरभम्** अपि प्रवर्तते। सौरभमस्याः कृतेः सकललोकमनोहारितया, सर्वजनभोग्यतया च सर्वत्र प्रथतामिति भगवतीं सरस्वतीं संप्रार्थ्य वयं प्रसीदामः।

संस्कृतशिक्षणसारैर्विविधवचोभिश्च परिमलोद्गारैः।
आनन्दयतु समन्तान्नित्यानन्दः सुधीः सर्वान्॥

इति निवेदयति

बलरामशुक्लः
प्राध्यापकः, संस्कृतविभागः, देहलीविश्वविद्यालयः
श्रावणशुक्लतृतीया, सं॰ २०७९

पुरोवाक्

हिन्दी

प्रिय पाठकों।

प्रारम्भिक संस्कृत सीखने के लिए कौनसी पुस्तक पढ़ी जाए, मुझसे यह प्रश्न अनेक बार पूछा जाता है। इसी प्रश्न के उत्तर के रूप में यह पुस्तक लिखी गई है। मैं बहुधा हिन्दी के माध्यम से संस्कृत सीखने वालों को पं॰ श्रीपाद दामोदर सातवळेकर की **संस्कृत स्वयं शिक्षक** और पं॰ चक्रधर नौटियाल हंस की **नवीन अनुवाद चन्द्रिका** पढ़ने का और इसी प्रकार अंग्रेज़ी के माध्यम से संस्कृत सीखने वालों को पं॰ वामन शिवराम आप्टे की The Student's Guide to Sanskrit Composition: Being a Treatise on Sanskrit Syntax पढ़ने का सुझाव देता हूँ। ये सभी श्रेष्ठ पुस्तकें अन्य अनेक प्रारम्भिक संस्कृत की पुस्तकों की भाँति सैद्धान्तिक पद्धति पर आधारित हैं—अनेक विषयों को सिद्धान्तों के रूप में सिखाया गया है और सीख को उदाहरणों के माध्यम से सुदृढ किया गया है। इसके विपरीत प्रस्तुत पुस्तक में प्रायोगिक सरणि का अनुसरण किया गया है—संस्कृत को पण्डित अम्बिकादत्त व्यास की लघु कथाओं के माध्यम से सिखाया गया है और सीख को सिद्धान्तों के माध्यम से सुदृढ किया गया है।

अभिनवबाण पं॰ अम्बिकादत्त व्यास (सं॰ १९१५–१९५७, ई॰ १८५८–१९००) एक अप्रतिम बहुशास्त्रविद्, काव्यकार और नाटककार थे। उन्होंने सं॰ १९४४ (ई॰ १८८७) में चौथी और उससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक संस्कृत की एक सरल पुस्तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पच्चीस कथाओं के संग्रह **कथाकुसुमम्** ("कथाओं का फूल") की रचना की थी। इस संग्रह में अनेक, संभवतः सभी, कथाएँ उनकी मूल रचनाएँ नहीं थी अपितु पुरानी कथाओं अथवा नीतिकथाओं का अनुवाद थीं। तथापि व्यास महाभाग की सरल होते हुए भी काव्यात्मक और सुन्दर भाषा ने इस पुस्तक को अमर बना दिया। सं॰ १९४६ (ई॰ १८८९) में इस पुस्तक का सरल शब्दावली, पादटिप्पणियों, कथाओं के अन्त में अनुष्टुप् छन्द में (श्लोकपाद, श्लोकार्ध, श्लोक अथवा एकाधिक श्लोकों में) निबद्ध सीखों, और दीर्घतर छन्दों में पं॰ महेश शर्मा झा कृत काव्यात्मक सारांशों सहित दूसरा संस्करण प्रकाशित हुआ था। मैंने निजी रूप से और अपनी यूट्यूब सरणि पर *समारम्भ* शृङ्खला में भी छात्रों को संस्कृत सिखाने के लिए **कथाकुसुमम्** का प्रयोग किया है।

कथाकुसुमसौरभम् ("कथाओं के फूल की सुगन्ध") नामक इस पुस्तक में **कथाकुसुमम्** की पच्चीस कथाएँ नौ नव सुगन्धों के साथ प्रस्तुत हैं। *आमोदः* ("एक दूरगामी सुगन्ध") में प्रत्येक कथा का शब्दशः हिन्दी अनुवाद है, तो *सुवासः* ("सुन्दर सुगन्ध") में हिन्दी गद्यानुवाद। *गन्धसारः* ("सुगन्ध का सार", और चन्दन का एक पर्यायवाची शब्द) में कथा का सार एक हिन्दी छन्द, मुहावरे अथवा कहावत में प्रस्तुत है। *समाकर्षी* ("दूरगामी सुगन्ध") में कथा का शब्दशः अंग्रेज़ी अनुवाद है और *निर्हारी* (इसका भी अर्थ "एक दूरगामी सुगन्ध" है) में अंग्रेज़ी गद्यानुवाद। *महक्कः* (यह भी "दूरगामी सुगन्ध" का पर्याय है) में एक अंग्रेज़ी कहावत अथवा सूक्ति में कथा का सार है। *परिमलः* ("एक मनोहारी सुगन्ध") में कथा पर संस्कृत टीका है। प्राचीन संस्कृत टीकाओं की शैली में लिखी गई विविध कोशों और व्याकरण ग्रन्थों के उद्धरणों से विभूषित यह *परिमलः* टीका मूल कथाओं का युक्ततम अनुवाद है। इस टीका का उद्देश्य है प्रौढ ग्रन्थों पर संस्कृत टीकाएँ पढ़ने के लिए छात्रों को सक्षम बनाना। *अधिवासः* ("अधिक सुगन्ध", और सुगन्धित करने की प्रक्रिया) में कथा का सार एक संस्कृत सुभाषित के माध्यम से बताया गया है। *घ्राणतर्पणः* ("नासिका को तृप्त करने वाली सुगन्ध") में पण्डित महेश शर्मा झा कृत कथा का पद्यमय सार है। नौ में से आठ सुगन्ध मेरी कृतियाँ हैं और यह चरम सुगन्ध पण्डित महेश झा की। इन नवसुगन्धों के अतिरिक्त प्रत्येक कथा रूप अध्याय में पाठकों को कथा से उदाहृत एक शब्द और एक धातु के सुबन्त-रूप (शब्दरूप) और तिङन्त-रूप (धातुरूप) का अभ्यास कराने वाला *गन्धसंस्कारः* ("सुगन्धों की शिक्षा") भाग है और उनके ज्ञान के परीक्षण हेतु *घ्राणपरीक्षा* ("सुगन्ध पहचानने की परीक्षा") भाग भी है। इस भाग में प्रश्नों के उत्तर के लिए पाठकों को *परिमलः* टीका का अध्ययन करना होगा।

हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी माध्यम से संस्कृत सीखने वाले पाठकों के लिए पहले मूल संस्कृत कथा का पाठ, फिर हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी शब्दशः अनुवाद का अध्ययन, तदनन्तर हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी अनुवाद का अध्ययन और अन्ततः संस्कृत टीका का अध्ययन श्रेयस्कर होगा। यद्यपि यह सम्भव है प्रारम्भिक छात्रों को पूरी संस्कृत टीका समझ न आए, तथापि उनके लिए जितना हो सके उतना समझने का प्रयास करना महत्त्वपूर्ण है। जिन पाठकों को पहले संस्कृत सीखने का अनुभव है, वे हिन्दी और अंग्रेज़ी अनुवादों को छोड़कर सीधा संस्कृत टीका पढ़ सकते हैं।

